नाम :                                                                                     अनुक्रमांक ..................

# वार्षिक परीक्षा, 2025
# सामान्य हिन्दी
# कक्षा—11

A-XI—सामान्य हिन्दी

**समय : 3:15 घण्टा ]**                                                                  **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश—** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिये निर्धारित हैं।

**नोट—** (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख निर्दिष्ट हैं।

**खण्ड (क)**

1. (क) 'खड़ी बोली-गद्य के विकास का प्रारम्भिक युग कौन-सा है ? 1

(a) द्विवेदी युग (b) छायावाद युग
(c) भारतेन्दु युग (d) छायावादोत्तर युग

(ख) 'ध्रुवस्वामिनी' की रचना विधा है— 1

(a) एकांकी (b) ध्रुव देवी (c) नाटक (d) उपन्यास

(ग) डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी की रचना है— 1

(a) चिन्तामणि (b) पंच परमेश्वर (c) कुटज (d) चन्द्रकान्त

(घ) द्विवेदी युग के लेखक हैं— 1

(a) सदल मिश्र (b) मोहन राकेश
(c) सरदार पूर्णसिंह (d) हजारी प्रसाद द्विवेदी

2. (क) 'सूरसागर के रचनाकार हैं— 1

(a) तुलसीदास (b) कबीरदास (c) सूरदास (d) जायसी

(ख) कृष्णभक्ति शाखा के प्रतिनिधि कवि हैं— 1

(a) कबीरदास (b) सूरदास (c) रैदास (d) नाभादास

(ग) द्विवेदी युग का महाकाव्य नहीं है— 1

(a) प्रियप्रवास (b) साकेत (c) कामायनी (d) द्वापर

(घ) छायावाद युग का समय कब से कब तक माना जाता है— 1

(a) सन् 1938 से 1943 ई. (b) सन् 1868 से 1900 ई.
(c) सन् 1918 से 1938 ई. (d) सन् 1900 से 1922 ई.

3. (क) 'यातातयात' शब्द से आशय है— 1

(a) आना (b) आना-जाना (c) जाना (d) रुककर जाना

(ख) सड़क हादसे से बचने के लिये क्या आवश्यक है— 1

(a) अच्छा वाहन (b) अच्छा चालक
(c) अच्छी सड़क (d) यातायात नियमों का पालन

4. दिये गये गद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये— $5 \times 2 = 10$

(क) **किसी का आचरण वायु के झोंके से हिल जाये तो हिल जाये, परन्तु साहित्य और शब्द की गोलान्दाजी और आँधी से उसके सिर के बाल तक का बाँका न होना एक साधारण बात है। पुष्प की कोमल पंखुड़ी के स्पर्श से किसी को रोमांच हो**

**P.T.O.**

जाएँ ; जल की शीतलता से क्रोध और विषय-वासना शान्त हो जाये ; बर्फ के दर्शन से पवित्रता आ जायें; सूर्य की ज्योति से नेत्र खुल जाएँ परन्तु अंग्रेजी भाषा का व्याख्यान—चाहे वह कारलायल ही का लिखा हुआ क्यों हो—बनारस में पण्डितों के लिये रामरोला ही है।

**प्रश्न—(i) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिये।**
**(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये।**
**(iii) क्रोध और विषय-वासना किसके द्वारा सरलता से शान्त हो सकते हैं ?**
**(iv) गद्यांश में मनुष्य के स्वभाव को प्रभावित करने वाले किस कारक का संकेत किया गया है ?**
**(v) किसी भाषा का सभी लोगों पर प्रभाव नहीं पड़ता, इसके उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिये।**

(ख) परन्तु इस बुद्धि की जड़ तभी दृढ़ हो सकती है, जब चित्त में सत्य के लिये निर्बाध प्रेम हो। सभी शास्त्र इस प्रेम को उत्पन्न कर सकते हैं, पर शर्त यह है कि ज्ञान औषध की घूँट की भाँति ऊपर से न पिला दिया गया हो। सत्य को धारण करने के लिये अनुसन्धान और आलोचना की बुद्धि का उद्बोधन होना चाहिये। वह बुद्धि निर्भयता के वातावरण में ही पनप सकती है। अध्यापक को यथाशक्य यह वातावरण उत्पन्न करना है।

**प्रश्न—(अ) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिये।**
**(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये।**
**(स) बुद्धि की जड़ कब दृढ़ हो सकती है ?**
**(द) किस परिस्थिति में सभी शास्त्र प्रेम उत्पन्न कर सकते हैं ?**
**(य) निर्भयता का वातावरण किसके विकसित होने में सहायक है और इस वातावरण को और कौन उत्पन्न कर सकता है।**

5. **निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये—** $5 \times 2 = 10$

काहे री नलिनी तूँ कुम्हिलानी,
तेरे ही नालि सरोवर पानी।
जल मैं उतपति जल मैं बास, जल मैं नलिनी तोर निवास।
ना तलि तपनि न ऊपरि आगि, तोर हेतु कहु कासनि लाग॥
कहै कबीर जे उदकि समान, ते नहिं मुए हमारे जान॥

**प्रश्न— (क) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिये।**
**(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये।**
**(ग) यहाँ कबीर ने किन दो पक्षों के सन्दर्भ में अपने भाव व्यक्त किये हैं।**
**(घ) कबीर जीवात्मा से क्या कहते हैं ?**
**(ङ) पद के अन्त में कबीर ने क्या कहा है ?**

**अथवा**

दृग उरझत टूटत कुटुम, जुरत चतुर-चित प्रीति।
परति गाँठि दुर्जन हियैं, दई नई यह रीति॥

**प्रश्न— (क) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिये।**
**(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये।**
**(ग) प्रेमी और प्रेमिका का प्रेम और गहरा किस स्थिति में हो जाता है ?**

[11pt,a4paper]article [margin=0.75in]geometry fontspec



**(घ) नायक-नायिका के प्रेम का दुष्टों पर क्या प्रभाव पड़ता है ?**
**(ङ) 'दृग उरझत टूटत कुटुम' में कौन-सा अलंकार है ?**

6. (क) **निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुये उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिये— (शब्द सीमा अधिकतम 80 शब्द)** $3 + 2 = 5$

(i) राहुल सांकृत्यायन (ii) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी
(iii) सरदार पूर्णसिंह

(ख) **निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुये उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिये—** $3+2=5$

(i) तुलसीदास (ii) महाकवि भूषण (iii) सूरदास

7. **'आकाशदीप' अथवा 'बलिदान' कहानी का सारांश लिखिये।** 5

**अथवा**

**'बलिदान' अथवा 'प्रायश्चित' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिये।**

8. **अपने पठित नाटक की कथावस्तु/कथानक को संक्षेप में लिखिये।** 5

**अथवा**

**अपने पठित नाटक की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।**

**खण्ड (ख)**

9. (क) **दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिये—**

**(i)** भारतस्य स्वतन्त्रता आन्दोलनस्य इदं नगरं प्रधान केन्द्रं आसीत्। श्री मोतीलाल नेहरू, महामना मदन मोहन मालवीय, आजादपनामकश्चन्द्रशेखरः, अन्ये च स्वतन्त्रता संग्राम सैनिकाः अस्यामेव पावन भूमौ उषित्वा आन्दोलनस्य सञ्चालनम् अकुर्वन्। राष्ट्र नायकस्य पण्डित जवाहरलालस्य इदं क्रीड़ास्थली कर्म भूमिश्च।

**(ii)** अयं पर्वतराजः भारतवर्षस्य उत्तरसीम्नि स्थितः तत् प्रहरीव शत्रुभ्यः सततं रक्षति। हिमालयदेव समुद्रगम्य गङ्गा-सिन्धु-ब्रह्मपुत्राख्याः महानद्यः, शतद्रि-विपासा-यमुना-सरयू-गण्डकी-नारायणी-कौशिकीप्रभृतयः नद्यश्च समस्तामपि उत्तरभारतभुवं स्वीकीयैः तीर्थोदकैः न केवलं पुनन्ति, अपितु इमां शस्यश्यामलामपि कुर्वन्ति।

(ख) **दिये गये श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिये—** $2+5=7$

**(i)** अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्द्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम्॥

**(ii)** य एनं वेत्ति हन्तारं यश्चैनं मन्यते हतम्।
उभौ तौ न विजानीतोनायं हन्ति न हन्यते॥

10. **निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखते हुये उनका वाक्य में प्रयोग कीजिये—** $1+1=2$

(i) अंगूठा दिखाना (ii) दाल में काला होना

(iii) चिराग तले अँधेरा (iv) नाम बड़े दर्शन छोटे

11. (क) **निम्नलिखित शब्दों की सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयनकर लिखिये—**

(i) **'कामारिः' का सन्धि-विच्छेद है—** 1

(a) का+मारिः (b) काम+रिः (c) काम+आरिः (d) काम+अरिः

**P.T.O.**

(ii) **'देवर्षि:' का सन्धि विच्छेद है—** 1

(a) दे+वर्षि (b) देव+अर्धि (c) देव्+ऋषि: (d) देव+ऋषि:

(iii) **'सर्वेश:' का सन्धि विच्छेद है—** 1

(a) सर्व+एश: (b) सर्व+ईश: (c) सर्वा+ईश: (d) स+उर्वेश:

(ख) **दिये गये शब्दों की विभक्ति और वचन के अनुसार उपयुक्त विकल्प का चयनकर प्रश्नों के उत्तर दीजिये—**

(i) **राजसु—** 1

(a) सप्तमी, बहुवचन (b) पञ्चमी, द्विवचन

(c) चतुर्थी, एकवचन (d) सप्तमी, एकवचन

(ii) **जगताम्—** 1

(a) द्वितीया, द्विवचन (b) चतुर्थी, एकवचन

(c) षष्ठी, बहुवचन (d) पञ्चमी, द्विवचन

12. (क) **निम्नलिखित शब्द युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिये—**

(i) **हरि-हर** 1

(a) विष्णु और शंकर (b) शिव और पार्वती

(c) भगवान और भक्त (d) हर और कृष्ण

(ii) **कच्च-कुच—** 1

(a) कच्चा और कुछ (b) केश और स्तन

(c) कच्च और कुच्च (d) स्तन और बाल

(ख) **निम्न में से किन्हीं दो शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिये—** 2

(a) अनल (b) खग (c) कंचन (d) चन्द्रमा

(ग) **निम्नलिखित में किन्हीं दो वाक्यों के लिये एक-एक उचित शब्द लिखिये—** 2

(a) जो करने योग्य न हो (b) सदा सत्य बोलने वाला

(c) परोपकार करने वाला (d) बरसात के चार महीने

(घ) **निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिये—** 2

(a) महादेवी वर्मा सुप्रसिद्ध कवित्री हैं।

(b) बकरी दूध देता हैं।

(c) सज्जन पुरुष सबका भला चाहते हैं।

(d) मुझे चाय का गर्म प्याला दो।

13. (क) **'करुण' अथवा 'हास्य' रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिये।** 2

(ख) **'अनुप्रास' अथवा 'उपमा' अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिये।** 2

(ग) **'दोहा' अथवा 'कुण्डलियाँ' छन्द का मात्रा सहित लक्षण अथवा उदाहरण लिखिये।** 2

14. **अपने क्षेत्र में गन्दगी से निजात पाने के लिये नगरपालिका अध्यक्ष को एक-पत्र लिखिये** 6

**अथवा**

**किसी विद्यालय के प्रबन्धक के नाम लिपिक पद हेतु अपनी नियुक्ति के लिये एक-पत्र लिखिये।**

15. **निम्नलिखित में से किसी एक पर अपनी भाषा शैली में निबन्ध लिखिये—** 9

(i) भ्रष्टाचार : एक सामाजिक बुराई (ii) भारतीय कृषि एवं विज्ञान

(iii) पर्यावरण सुरक्षा की महत्ता (iv) आतंकवाद : एक चुनौती

(v) विद्यालय में स्वास्थ्य-शिक्षा का महत्व।